nt>

14.06 hrs.

The Lok Sabha re-assembled at six minutes

past Fourteen of the Clock.

(Mr. Speaker *in the Chair*)

MR. SPEAKER: Matters under Rule 377 will be treated as laid on the Table of the House.

श्री राजो सिंह (बेगूसराय) : अध्यक्ष महोदय, जब हम लोगों की बारी आती है, उस समय ये ले हो जाते हैं लेकिन जब दूसरे लोगों की बारी आती है तो पढा देते हैं।

अध्यक्ष महोदय: ऐसी बात नहीं है। पिछले दिनों भी दलितों के विाय में महत्वपूर्ण चर्चा नहीं हुई थी। अब हम इसे लेना चाहते हैं, इसलिए मैटर्स को ले किया है।

Title: Need to implement 'one rank one pension' scheme for defence personnel- Laid.*

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर, हि.प्र.) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं कि सेना से पूर्व में रिटायर हुए और वर्तमान में रिटायर हो रहे सेनाकर्मियों की पेंशनों में बहुत विसंगति है, जिससे सैनिकों में असंतोा पनप रहा है। विगत अनेक सालों से भू.पू. सैनिक एक रैंक एक पेंशन सिद्धान्त को लागू करने का निवेदन करते रहे हैं1 मैंने भी 12वीं लोक सभा के सदस्य के रूप में तथा अब 13वीं लोक सभा सदस्य के नाते अनेक बार इस बारे में प्रश्न किए हैं तथा रक्षा मंत्री महोदय से व्यक्तिगत रूप से आग्रह किया है, लेकिन अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

पांचवे वेतन आयोग की सिफारिशों के उपरांत रक्षा मंत्री ने इस बारे में एक विशो समिति गठित की थी, जिसे इस समस्या के समाधान हेतु अपनी अनुशंसाए देनी थीं, लेकिन अभी तक उस समिति की अनुशंसाओं के बारे में हमें कोई जानकारी नहीं मिली है। इससे देश के विभिन्न रैंकों के सेवानिवृत्त सैनिकों में, उन्हें मिलने वाली पेंशन में विसंगतियों के कारण काफी रोा एवं क्षोभ है1

महोदय, मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन है कि ' वन रैंक वन पेंशन" के सिद्धान्त को शीघ्र लागू किए जाये ताकि देश के भू.पू. सैनिकों की चिरकाल से चली आ रही मांग पूरी हो सके।

* Treated as laid on the Table.